प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

25 जनवरी 2022

दि पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की शाखाएँ 25 जनवरी 2022 से यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड की शाखाओं के रूप में संचालित होंगी

भारत सरकार ने आज पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (पीएमसी बैंक) का यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल) के साथ समामेलन की योजना को मंजूरी दे दी है और इसे अधिसूचित कर दिया है। समामेलन, योजना की अधिसूचना की तारीख अर्थात् 25 जनवरी 2022 से प्रभावी होगा। पीएमसी बैंक की सभी शाखाएं इस तारीख से यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड की शाखाओं के रूप में कार्य करेंगी।

यूएसएफ़बीएल योजना के प्रावधानों को लागू करने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर रहा है।

योजना के प्रावधानों के अनुसार आज अधिसूचित समामेलन योजना में यूएसएफबीएल द्वारा जमाराशि सहित पीएमसी बैंक की संपत्तियों और देयताओं के अधिग्रहण को शामिल किया गया है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1616